27.02.2023

जनहित में जारी अलर्ट

सीबीएसई परीक्षाओं के बारे में अफवाहों और फर्जी सूचनाओं के खिलाफ

1. सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं इस वर्ष के लिए शुरू हो गई हैं और 5 अप्रैल, 2023 तक जारी रहेंगी। बोर्ड ने परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए विस्तृत व्यवस्था की है।
2. बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व नियमित रूप से पेपर लीक होने की अफवाह यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैला रहे हैं और 2023 परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों तक पहुंच का दावा कर रहे हैं। यह व्यक्ति, समूह और एजेंसियां भोले-भाले छात्रों और अभिभावकों को लूटने का इरादा रखते हैं और बदले में पैसे की मांग करते हैं। इस तरह की गैरजिम्मेदार गतिविधियाँ छात्रों तथा जनता में भ्रम और दहशत पैदा करती हैं।
3. बोर्ड फर्जी खबरें और अफवाहें फैलाने वालों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सतर्क और सक्रिय है।
4. फर्जी खबरों के बारे में पता चलने पर, सीबीएसई लगातार दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल (MAC) को भारतीय दंड संहिता और आईटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके फर्जी समाचार प्रसारित करने में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए सूचित कर रहा है।
5. कोई भी छात्र फर्जी समाचार फैलाने में संलिप्त पाया जाता है, तो सीबीएसई इसमें शामिल छात्र के खिलाफ अनुचित साधन नियमों और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करेगा। अभिभावकों से भी अनुरोध है कि वह अपने बच्चों का मार्गदर्शन करें कि वह ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल हों जो बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन के खिलाफ हो।
6. इसलिए जनता को परीक्षाओं के दौरान इस तरह की जानकारी से बचने के लिए अलर्ट किया जाता है। अनुरोध किया जाता है कि वह इस तरह की गतिविधियों में भाग न लें और न ही इस तरह की जानकारी का प्रसार करें। परीक्षा की शुचिता को हर कीमत पर बनाए रखने के लिए बोर्ड के साथ सहयोग करें।

टीम सीबीएसई